दिन– मंगलवार दिनांक– 28 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि : 15 मिनट

---

01. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए पटना के बिहटा में प्रौद्योगिकी केंद्र की शुरूआत। मुजफ्फरपुर, रोहतास, मुंगेर और दरभंगा में खुले एक्सटेंशन सेंटर।

02. जदयू के युवा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार करेंगे सद्भाव यात्रा। तीन मई को पश्चिम चंपारण से होगी शुरूआत।

03. केंद्रीय चयन पर्षद ने चालक सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा का परिणाम जारी। ग्यारह हजार आठ सौ सैंतालीस अभ्यर्थी हुए सफल।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य के विभिन्न भागों में मौसम में बड़ा बदलाव। अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, मधुबनी और सीतामढ़ी जिले में भारी बारिश की चेतावनी।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने आज पटना के बिहटा स्थित नव निर्मित प्रोद्यौगिकी केन्द्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पटना, मुजफ्फरपुर, रोहतास, दरभंगा और मुंगेर में एक्सटेंशन सेंटर का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से युवाओं का कौशल विकास होगा और उन्हें रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे।

––साउंड बाइट––

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि ऐसे दस और केंद्र राज्य में स्थापित किये जायें।

––साउंड बाइट––

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि आज राज्य में लगभग दो सौ पच्चीस करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्वपूर्ण योजना की शुरूआत की गयी है। इससे छोटे और मंझौले उद्यमियों को काफी लाभ होगा।

––साउंड बाइट––

श्री मांझी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे देशभर में छोटे उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन मिला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनका लक्ष्य एक करोड़ लोगों को व्यवसाय शुरू करने में मदद देना है।

––साउंड बाइट––

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना सिटी स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ पटनदेवी मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की समृद्धि की कामना की। श्री चौधरी ने जल्ला वाले हनुमान मंदिर समेत कई अन्य मंदिरों में भी प्रार्थना की। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे।

---

जदयू के युवा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार तीन और चार मई को राज्य के विभिन्न भागों में सद्भाव यात्रा करेंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने आज पटना स्थित जदयू कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निशांत कुमार की यात्रा पश्चिम चंपारण से शुरू होगी। इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

––साउंड बाइट––

---

विधान परिषद की भोजपुर–बक्सर स्थानीय प्राधिकार कोटे की एक सीट पर बारह मई को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार का कार्य तेज हो गया है। एनडीए की ओर से जदयू के कन्हैया प्रसाद और महागठबंधन की ओर से राजद के सोनू कुमार राय समेत छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इससे पहले, कल नाम वापसी के अंतिम दिन किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। गौरतलब है कि यह सीट जदयू के राधा चरण साह के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। वे वर्तमान में संदेश विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

---

राज्य सरकार ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल का तबादला कर उन्हें बिहार राज्य योजना परिषद का परामर्शी बनाया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इधर, विभाग के अपर सचिव महेन्द्र पाल ने ग्यारह फरवरी से उन्नीस अप्रैल के बीच निलंबित किये गए राजस्व कर्मचारियों के पुर्नबहाली के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा गया है।

---

केंद्रीय चयन पर्षद–सिपाही भर्ती द्वारा आयोजित चालक सिपाही भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। पर्षद की सूचना के अनुसार इस वर्ष बारह मार्च से चौबीस मार्च के बीच आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में ग्यारह हजार आठ सौ सैंतालीस अभ्यर्थी सफल हुए हैं। अगले चरण में इन्हें मोटर वाहन चालन दक्षता परीक्षा पास करनी होगी। इसके आधार पर चार हजार तीन सौ इकसठ पदों पर भर्ती के लिए अंतिम चयन किया जाएगा।

---

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण राज्य के अधिकतर भागों में मौसम में बड़ा बदलाव दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों में अनेक स्थानों पर आंधी–बारिश की संभावना जताई है। वहीं, किशनगंज, मुधबनी और सीतामढ़ी जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

––साउंड बाइट––

पटना, बेगूसराय, मुंगेर, भागलपुर समेत कई स्थानों में भी तेज आंधी के साथ बारिश की संभावना जताई गयी है। इस दौरान कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में भी तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान इकतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

केंद्र सरकार ने बढ़ते तापमान और लू के प्रतिकूल प्रभावों से कामगारों और मजदूरों को बचाने के लिए राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों को राष्ट्रव्यापी परामर्श जारी किया है। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने परामर्श में सलाह दी है कि गर्मी से सुरक्षा के लिए अपनाए जाने वाले उपायों के तत्काल कार्यान्वयन के लिए कर्मियों, उद्योगों और निर्माण कंपनियों को आवश्यक निर्देश जारी किये जायें। कार्यस्थलों पर पर्याप्त पेयजल सुविधाएं सुनिश्चित करें तथा विश्राम स्थलों और कार्यस्थलों को ठंडा रखने का प्रावधान करें। निर्माण के काम में लगे कामगारों, दिहाडी मजदूरों और अस्थायी मजदूरों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई है। इसके अलावा ओआरएस, आईस पैक और अन्य रोकथाम सामग्रियों के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। साथ ही कामगारों की नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय रखने को भी कहा गया है। मंत्रालय ने सभी संगठनों से इस संबंध में की गई कार्रवाई और उपायों के बारे में हर पंद्रह दिन में स्थिति रिपोर्ट जमा करने का कहा है। समाचार कक्ष से रजनीकांत चौधरी।

---

प्रदेश में जनगणना के तहत स्व–गणना का काम सुचारू रूप से जारी है। अब तक सत्ताईस लाख पचहत्तर हजार से अधिक लोग स्व–गणना की प्रक्रिया में शामिल हुये हैं।

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि देशभर में कहीं भी एनसीईआरटी पुस्तकों की कमी नहीं होने दी जाएगी। श्री प्रधान ने आज राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद– एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता, प्रकाशन और वितरण की स्थिति की समीक्षा की। मंत्रालय ने कहा है कि श्री प्रधान ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एनसीईआरटी पुस्तकों के स्टॉक की जानकारी ली। उन्होंने राज्य प्रशासन और वितरण एजेंसियों से एनसीईआरटी पुस्तकों की सभी स्थानों पर विशेषकर ग्रामीण इलाकों में ससमय उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है।

---

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज नगर परिषद कार्यालय में आज अपराधियों ने दिन दहाड़े गोलीबारी की। गोलीबारी की इस घटना में नगर सभापित राजकुमार गुड्डु और कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए भागलपुर लाने के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

---

प्रदेश के अलग–अलग भागों में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलीया तालाब के पास एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को कुचल दिया। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। ये तीनों एक खराब कंटेनर को ठीक करने का कार्य कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने घटना के विरूद्ध सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इधर, शेखपुरा जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तीनमुहानी के पास एक चार पहिया वाहन ने ई–रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई–रिक्शा पर सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।

---

सहरसा जिले के बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर गांव में एक ही परिवार के छह लोगों ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। इनमें एक महिला और पांच बच्चे शामिल हैं। इनका इलाज श्री नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। गंभीर रूप से बीमार दो बच्चों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया है कि प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद की बात सामने आई है। अन्य बिंदुओं पर भी जांच की कार्रवाई की जा रही है।

---

रोहतास पुलिस ने दरिगांव थाना क्षेत्र में चौबीस अप्रैल को हुई दीपू कुमार की हत्या मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि इनके पास से हत्या में इस्तेमाल हथियार और मोटरसाईकिल भी बरामद की गयी है।

---

किशनगंज जिले के गलगलिया चेकपोस्ट पर जांच अभियान के दौरान पुलिस ने कोयला लदे दो ट्रक को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि जांच में फर्जी जीएसटी बिल के आधार पर अवैध कारोबार का मामला सामने आया है।

---

अरवल जिले के फखरपुर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आठ मई को एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा।

---

गोपालगंज की विशेष एमपी एमएलए अदालत ने कुचायकोट से जदयू विधायक अमरेंद्र पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय और सीए राहुल तिवारी की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई सात मई को होगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए पटना के बिहटा में प्रौद्योगिकी केंद्र की शुरूआत। मुजफ्फरपुर, रोहतास, मुंगेर और दरभंगा में खुले एक्सटेंशन सेंटर।

02. जदयू के युवा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार करेंगे सद्भाव यात्रा। तीन मई को पश्चिम चंपारण से होगी शुरूआत।

03. केंद्रीय चयन पर्षद ने चालक सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा का परिणाम जारी। ग्यारह हजार आठ सौ सैंतालीस अभ्यर्थी हुए सफल।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य के विभिन्न भागों में मौसम में बड़ा बदलाव। अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, मधुबनी और सीतामढ़ी जिले में भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।